# Kanya Mahavidyalaya Kharkhoda
# Sonipat, Haryana
# NSS
# Annual Report
# Session 2022-23

| | |
|---|---|
| **Name of the College** | **: Kanya Mahavidyalaya, Kharkhoda (District Sonipat -Haryana)** |
| **No. of Units** | **: 2** |
| **Name of NSS PO's** | **: Dr Parmila (Unit-1)** |
| | **Dr Suman (Unit-2)** |
| **No of Volunteers Enrolled** | **: 205** |
| **Name of the Adopted Village** | **: Matindu, Distt-Sonipat** |
| **Seven Days Special Camp** | **: 26.10.2022 to 01.11.2022** |
| **No. of Volunteers Participated** | **:105** |

# "Women's Equality Day"

## Date: $26^{th}$ August, 2022

"Women's Equality Day" was organized by the NSS and Women Cell of the College in collaboration with Sarthi Seva Trust (Regd.) Sonipat. Program started with the offering saplings to the guests and lighting the lamp. Dr Suman Manjari, former IPS was the chief guest of the program who underlined the importance of empowerment of women and giving helping hand to the needy woman by those who are empowered. Dr. Yogita, Principal presided over the function, giving welcome to the guests and put forth her views on importance of celebrating the present day. Dr Parmila, apprised everyone present there about the history behind the day and added that USA has given rights to the women to cast their votes by amending its article on 26th August, 1920 and to commemorate this, women's equality day is celebrated every year. Founder chairman of the Sarthi Trust Sh. Satpal Ahlawat said that progress of a nation depends on the rights, independence and opportunities given to the women. Twenty Students performed the songs, poems emphasizing the equality of women. Shri Anil Jain, advocate of Delhi High court was the guest of honor. Mrs. Suman Lohchab and Ms. Komal Tomar member of the trust were present on the occasion. Dr. Parmila, associate professor was the stage coordinator and Dr Seemant, Dr Permila, Dr. Vijaydeep were instrumental in organizing the programme. Approx 200 students were present.

**Photo Gallery**








Sarathi
WOMEN'S
EQUALITY DAY
Date: Friday, 26th August, 2022
Time: 11:00 AM
Venue: Kanya Mahavidyalaya Kharkhoda
Organised by
Sarathi Jan Seva Charitable Trust (Regd.) Sonepat


KANYA MAHAV
KANYA MAHAVIDYALAYA KHARKHODA (SONIPAT)
WOMEN'S
EQUALITY DAY
Date: Friday, 26th August, 2022
Time: 11:00 AM
Venue: Kanya Mahavidyalaya Kharkhoda
Organised by
Sarathi Jan Seva Charitable Trust (Regd.) Sonepat
GPS Map Camera
Kharkhoda, Haryana, India
VWJ6+RRX, Kharkhoda, Haryana 131402, India
Lat 28.882457°
Long 76.912059°
26/08/22 12:24 PM
Google


GPS Map Camera
Kharkhoda, Haryana, India
VWJ6+RRX, Kharkhoda, Haryana 131402, India
Lat 28.88237°
Long 76.912087°
26/08/22 01:16 PM




WOMEN'S
EQUALITY DAY
GPS Map Camera
Kharkhoda, Haryana, India
VWJ6+RRX, Kharkhoda, Haryana 131402, India
Lat 28.882343°
Long 76.912093°
26/08/22 12:11 PM




Prize Distribution Ceremony



News Corner

दैनिक भास्कर
सोनीपत 27-08-2022

# महिलाओं को शिक्षा और रोजगार में समान अवसर मिलने चाहिए : मंजरी

भास्कर न्यूज़ | सोनीपत

सोनीपत सारथी जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विश्व महिला समानता दिवस के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु महिला समानता दिवस पर "लड़कियों को प्रोत्साहित करें" विषय पर सेमिनार किया। कन्या महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित सेमीनार में डॉ. सुमन मंजरी सेवानिवृत पुलिस महानिरीक्षक ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की व डॉ. योगिता मलिक प्रिंसिपल कन्या महाविद्यालय खरखौदा कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अनिल कुमार जैन, सारथी युवा की सहायक युवा समन्वयक कोमल तोमर एवं सशक्त महिला के रूप सुनील कुमारी लोहच्चब मौजूद रही।

कॉलेज की छात्राओं द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत, रागनी, कविताओं व भाषण द्वारा महिला समानता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ. सुमन मंजरी ने कहा कि महिला और पुरुष में समानता और संतुलन के पूरे विश्व में प्रयास हो रहे है। इस महिला समानता दिवस का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को शिक्षा और रोजगार में समान अवसर प्रदान करना है। जब महिलाएं सशक्त होंगी तो यह अंततः राष्ट्र के विकास की ओर ले जाएगी। सारथी ट्रस्ट के संस्थापक चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत ने कहा कि संविधान में सभी को समानता का अधिकार मिला है। दुनिया भर में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने और उन्हें समाज के हर क्षेत्र में पुरुषों के समान अधिकार व सम्मान दिलाने के उद्देश्य से हर साल 26 अगस्त को महिला समानता दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

# कन्या महाविद्यालय में महिला समानता दिवस पर आयोजित हुआ सैमीनार

सवेरा न्यूज़/ दहिया खरखौदा, : स्थानीय कन्या महाविद्यालय में सारथी जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट सोनीपत के तत्वावधान में महिला समानता दिवस पर लिडकयों को प्रोत्साहित करें, विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व पुलिस महानिरीक्षक डॉ. सुमन मंजरी आईपीएस ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। प्राचार्य डॉ. योगिता मलिक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अनिल कुमार जैन, सारथी युवा की सहायक युवा समन्वयक कोमल तोमर व सशक्त महिला के रूप सुनील कुमारी लोहचब मौजूद रही। कॉलेज की छात्राओं ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत, रागनी, कविताओं व भाषण द्वारा महिला समानता का संदेश दिया। मुख्यातिथि डॉ. सुमन मंजरी ने अपने संबोधन में कहा कि महिला व पुरुष में समानता और संतुलन के पूरे विश्व में प्रयास हो रहे है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को शिक्षा व रोजगार में समान अवसर प्रदान करना है। जब महिलाएं सशक्त होंगी तो अंततः राष्ट्र को विकास की ओर ले जाएगी। वर्तमान में महिलाएं सभी क्षेत्रों में समान योगदान दे रही हैं। सारथी ट्रस्ट के संस्थापक चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत ने कहा कि संविधान में सभी को समानता का अधिकार मिला है। दुनिया भर में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने और उन्हें समाज के हर क्षेत्र में पुरूषों के समान अधिकार व सम्मान दिलाने के उद्देश्य से हर साल 26 अगस्त को महिला समानता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। महिला समानता दिवस नारी सशिक्तकरण को बढावा देता है। इस मौके पर महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाता है। उन्होंने कहा महिला, पुरुष की साथी है, जो कि भगवान द्वारा बराबर मानिसक ताकत व शिक्त के साथ भेंट दी गई है। अपने जीवन में हम महिलाओं के आभारी हैं। हम सभी मेहनती महिलाओं पर निर्भर हैं – माँ, दादी, साथी, बहनें और दोस्त। दूसरों के लिए किए गए सभी शारीरिक और भावनात्मक श्रम के लिए उन्हें धन्यवाद देने के लिए आज महिला समानता दिवस के रूप में मना रहे है। डॉ. प्रमिला ने मंच का सफल संचालन किया। इस अवसर पर डॉ. योगिता मलिक, डॉ. विजयदीप, राहुल गुलिया, कोमल तोमर के साथ कन्या महाविद्यालय के प्राध्यापकों के साथ बड़ी संख्या में लड़कियां कार्यक्रम में मौजूद रही।

# 'लड़कियों को प्रोत्साहित करें' विषय पर सेमिनार का किया आयोजन



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**सारथी** जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट रजि सोनीपत द्वारा विश्व महिला समानता दिवस के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु महिला समानता दिवस पर "लड़कियों को प्रोत्साहित करें" विषय पर सेमिनार का आयोजन कन्या महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ सुमन मंजरी क्ढर पुलिस महानिरीक्षक हरियाणा सेवानिवृत्त ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की व डॉ योगिता मलिक प्रिंसिपल कन्या महाविद्यालय खरखौदा कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अनिल कुमार जैन, सारथी युवा की सहायक युवा समन्वयक कोमल तोमर एवं सशक्त महिला के रूप सुनील कुमारी लोहचब मौजूद रही। इस अवसर कॉलेज की छात्राओं द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत, रागनी, कविताओं व भाषण द्वारा महिला समानता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ सुमन मंजरी ने अपने संबोधन में कहा कि महिला और पुरुष में समानता और संतुलन के पूरे विश्व में प्रयास हो रहे है। इस महिला समानता दिवस का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को शिक्षा और रोजगार में समान अवसर प्रदान करना है। जब महिलाएं सशक्त होंगी तो यह अंततः राष्ट्र के विकास की ओर ले जाएगी। वर्तमान में महिलाएं सभी क्षेत्रों में समान योगदान दे रही हैं। सारथी ट्रस्ट के संस्थापक चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत ने कहा कि संविधान में सभी को समानता का अधिकार मिला है। दुनिया भर में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने और उन्हें समाज के हर क्षेत्र में पुरुषों के समान अधिकार व सम्मान दिलाने के उद्देश्य से हर साल 26 अगस्त को महिला समानता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। महिला समानता दिवस नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है। इस मौके पर महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाता है। अहलावत ने कहा महिला, पुरुष की साथी है, जो कि भगवान द्वारा बराबर मानसिक ताक[illegible] व शक्ति के साथ भेंट दी गयी है।अप[illegible] में हम महिलाओं को धन्यवाद देते है।हम सभी मेहनती महिलाओं पर निर्भर हैं - माँ, दादी, साथी, बहनें और दोस्त। दूसरों के लिए किए गए सभी शारीरिक और भावनात्मक श्रम के लिए उन्हें धन्यवाद देने के लिए आज महिला समानता दिवस के रूप में मना रहे है। मंच का सफल संचालन डॉ प्रमिला ने किया। इस अवसर पर डॉ योगिता मलिक, डॉ विजयदीप, राहुल गुलिया, कोमल तोमर के साथ कन्या महाविद्यालय के प्राध्यापकों के साथ सैकड़ो युवा लड़कियों ने कार्यक्रम में मौजूद रही और महिला समानता दिवस का उत्सव मनाया।

# महिला और पुरुष में समानता और संतुलन के पूरे विश्व में प्रयास हो रहे: मंजरी




रणबीर सिंह रोहिल्ला, **सोनीपत।** सारथी जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विश्व महिला समानता दिवस के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु महिला समानता दिवस पर ÷लड़कियों को प्रोत्साहित करें÷ विषय पर सेमिनार का आयोजन कन्या महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डा. सुमन मंजरी पुलिस महानिरीक्षक हरियाणा सेवानिवृत्त ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। डा. योगिता मलिक प्रिंसिपल कन्या महाविद्यालय खरखौदा कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अनिल कुमार जैन, सारथी युवा की सहायक युवा समन्वयक कोमल तोमर एवं सशक्त महिला के रूप सुनील कुमारी लोहचब मौजूद रही। इस अवसर कॉलेज की छात्राओं द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत, रागनी, कविताओं व भाषण द्वारा महिला समानता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि डा. सुमन मंजरी ने अपने संबोधन में कहा कि महिला और पुरुष में समानता और संतुलन के पूरे विश्व में प्रयास हो रहे है। इस महिला समानता दिवस का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को शिक्षा और रोजगार में समान अवसर प्रदान करना है। जब महिलाएं सशक्त होंगी तो यह अंततः राष्ट्र के विकास की ओर ले जाएगी। वर्तमान में महिलाएं सभी क्षेत्रों में समान योगदान दे रही हैं। सारथी ट्रस्ट के संस्थापक चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत ने कहा कि संविधान में सभी को समानता का अधिकार मिला है। दुनिया भर में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने और उन्हें समाज के हर क्षेत्र में पुरुषों के समान अधिकार व सम्मान दिलाने के उद्देश्य से हर साल 26 अगस्त को महिला समानता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। महिला समानता दिवस नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है। इस मौके पर महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाता है। अहलावत ने कहा महिला, पुरुष की साथी है, जो कि भगवान द्वारा बराबर मानसिक ताकत व शक्ति के साथ भेंट दी गयी है। अपने जीवन में हम महिलाओं को धन्यवाद देते है।

# महिला और पुरुष में समानता और संतुलन के पूरे विश्व में प्रयास हो रहे : मंजरी

अटल हिंद संवाददाता

सोनीपत। सारथी जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विश्व महिला समानता दिवस के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु महिला समानता दिवस पर ÷लड़कियों को प्रोत्साहित करें÷ विषय पर सेमिनार का आयोजन कन्या महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डा. सुमन मंजरी पुलिस महानिरीक्षक हरियाणा सेवानिवृत्त ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। डा. योगिता मलिक प्रिंसिपल कन्या महाविद्यालय खरखौदा कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि




के रूप में दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अनिल कुमार जैन, सारथी युवा की सहायक युवा समन्वयक कोमल तोमर एवं सशक्त महिला के रूप सुनील कुमारी लोहचब मौजूद रही। इस अवसर कॉलेज की छात्राओं द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत, रागनी, कविताओं व भाषण द्वारा महिला समानता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि डा. सुमन मंजरी ने अपने संबोधन में कहा कि महिला और पुरुष में समानता और संतुलन के पूरे विश्व में प्रयास हो रहे है। इस महिला समानता दिवस का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को शिक्षा और रोजगार में समान अवसर प्रदान करना है। जब महिलाएं सशक्त होंगी तो यह अंततः राष्ट्र के विकास की ओर ले जाएगी। वर्तमान में महिलाएं सभी क्षेत्रों में समान योगदान दे रही हैं। सारथी ट्रस्ट के संस्थापक चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत ने कहा कि संविधान में सभी को समानता का अधिकार मिला है। दुनिया भर में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने और उन्हें समाज के हर क्षेत्र में पुरुषों के समान अधिकार व सम्मान दिलाने के उद्देश्य से हर साल 26 अगस्त को महिला समानता दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

**Participation in One Week Workshop**

**NSS POs Dr Parmila and Dr Suman** from KanyaMahavidyalayaKharkhoda have participated in One Week Workshop on "Awareness Campion on Sign Language" organised by NSS Cell, MDU, Rohtak in collaboration with Haryana Welfare Society for Persons with Speech and Hearing Impairment and Centre of Disability Studies, MDU Rohtak from **September 19 - 25, 2022 with 3 Volunteers Komal, Nilanshi and Tannu.**







MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK
'A' GRADE UNIVERSITY ACCREDITED BY NAAC
AWARENESS CAMPAIGN
ON
SIGN LANGUAGE
(September 19-25, 2022)
ORGANISERS:


AWARENESS CAMPAIGN
ON
SIGN LANGUAGE
(September 19-25, 2022)
ORGANISERS:

## Celebration of NSS Day-2022

### Date: 24th September, 2022

कन्या महाविद्यालय खरखोदा में एनएसएस यूनिट 1 और 2 के द्वारा कॉलेज प्राचार्या डॉ योगिता मलिक की उपस्थिति में राष्ट्रीय एनएसएस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं को एनएसएस शपथ दिलवाई गई। स्वयं सेविकाओं ने प्रतिज्ञा ली कि वे एनएसएस स्वयं सेविका होने के नाते देश की स्वतंत्रता और अखंडता के प्रति समर्पण ,सेवा और मजबूती के साथ काम करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर प्राचार्या जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करें। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है और राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से हम इसको और ज्यादा बखूबी निभा सकते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 की कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रमिला ने छात्राओं को अवगत करवाया की राष्ट्रीय सेवा योजना सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के लिए प्रेरित कर समाज सेवा का अवसर प्रदान करती है और उनके व्यक्तित्व को निखारने एवं भविष्य में उन्हें कर्तव्यनिष्ठ ,संवेदनशील तथा उपयोगी नागरिक के रूप में संवारने की भूमिका भी अदा करती है ।उन्होंने छात्राओं को सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए भी प्रेरित किया।महाविद्यालय में इस समय राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाइयां सक्रियता से समाज एवं छात्राओं को जागरूक करने के प्रयास में लगी हुई हैं। यूनिट एक की कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रमिला , वाणिज्य विभाग से, एवं डॉ सुमन, फिजियो थेरेपी विभाग से कार्यरत हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाए् भी उपस्थित रहे । 100 छात्राए उपस्थित रही ।

### Photo Gallery



## News Coverage:Dainik Jagran-25/09/202

# एनएसएस दिवस पर स्वयंसेविकाओं ने ली शपथ



राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर शपथ लेती छात्राएं • जागरण

**संस, खरखौदा:** शहर के कन्या कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस (एनएसएस) मनाया गया। इस दौरान कालेज की दोनों यूनिट एक व दो की स्वयं सेविकाओं ने कालेज प्राचार्य डा. योगिता मलिक अगुवाई में देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में अपना योगदान बनाए रखने की शपथ ली, उन्होंने कहा कि वह देश के प्रति समर्पित रहते हुए इसकी सेवा और मजबूती के साथ काम करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध रहेंगी। प्राचार्य ने इस दौरा स्वयं सेविकाओं को कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सामाजिक कार्यों में बढ़–चढ़कर भागीदारी करें। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है और राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से हम इसको और ज्यादा बखूबी निभा सकते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई–एक की कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रमिला ने राष्ट्रीय सेवा योजना सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए स्वयं सेविकाओं को इसके लिए आगे आने को कहा। सामाजिक बुराइयों को दूर करनेको प्रेरित किया।

## Amar Ujala

# स्वयंसेवकों ने देश सेवा में योगदान की ली शपथ

## शिक्षण संस्थानों में मनाया राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस, स्वयंसेवकों को बताया संगठन का उद्देश्य

संवाद न्यूज एजेंसी

**सोनीपत/खरखौदा।** शिक्षण संस्थानों में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) दिवस मनाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने सतत देश की एकता व अखंडता बनाए रखने के लिए अपना योगदान जारी रखने की शपथ ली। टीकाराम कन्या महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट एक और दो की स्वयंसेविकाओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मोनिका वर्मा ने की।

उन्होंने सभी स्वयंसेविकाओं को शपथ दिलाई कि वह देश के प्रति समर्पण व सेवाभाव से कार्य कर निष्ठा व ईमानदारी का परिचय देंगी। उन्होंने कहा कि सभी स्वयंसेविकाएं अपने कर्त्तव्य का पालन करें। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी डॉ. उपासना, पूनम व डॉ. हेमलता मौजूद रहीं।

खरखौदा के कन्या महाविद्यालय में एनएसएस की दोनों यूनिट की स्वयंसेविकाओं ने प्राचार्य डॉ. योगिता मलिक के नेतृत्व में देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की शपथ ली। प्राचार्य ने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रमिला ने राष्ट्रीय सेवा योजना सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए स्वयंसेविकाओं को इसके लिए आगे आने के लिए कहा। उन्होंने छात्राओं को सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए भी प्रेरित किया।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, थाना कलां में भी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित प्राध्यापिका अंजू दहिया, राज्यपाल से शिक्षक पुरस्कार प्राप्त कर लौटे शिक्षक जयभगवान व रोटरी क्लब, सोनीपत से शिक्षक पुरस्कार प्राप्त कर लौटी शिक्षिका मीना को सम्मानित किया। इस दौरान प्राचार्य बबीता, पीजीटी मुकेश, मीना, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी विजय दहिया व गांव के पूर्व सरपंच बलराम ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए स्मृति चिह्न भेंट किए।



टीकाराम कन्या महाविद्यालय में शपथ दिलातीं प्राचार्य डॉ. मोनिका वर्मा। संवाद



खरखौदा के कन्या महाविद्यालय में समाज सेवा की शपथ लेतीं छात्राएं। संवाद

### प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**सोनीपत।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। इस दौरान स्वयंसेविकाओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वयंसेविकाओं ने नृत्य, गायन, भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. नवीन वशिष्ठ ने छात्राओं को एनएसएस के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनएसएस दिवस का उद्देश्य पर्यावरण सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सफाई, प्राकृतिक आपदा के समय पीड़ितों की सहायता करना आदि है। उन्होंने शिक्षा और साक्षरता, डिजिटल भारत, कौशल भारत, योग, परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य क्षेत्रों में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी मनजीत, सुभाष सिसोदिया समेत अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। संवाद



❖ समाज में डिफरेंटली एबेल्ड व्यक्तिओं को समाज की मुख्यधारा में जोडऩे के लिए समावेशी शिक्षा, सामाजिक संवेदीकरण, प्रशासनिक प्रोत्साहन तथा सहयोग, तथा मूल आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता की पुरजोर वकालत **29-09-2022** को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के राधाकृष्णन सभागार में राष्ट्रीय महिला आयोग, हरियाणा राज्य महिला आयोग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित- राइट्स ऑफ डिफरेंटली ऐबल्ड वूमैन विषयक संगोष्ठी में प्रमुख वक्ताओं ने की। एमडीयू के छात्र कल्याण कार्यालय, महिला अध्ययन केन्द्र तथा सेंटर फॉर डिसएबिलिटी स्टडीज के सहयोग से इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस संगोष्ठी में

कहा कि डिफरेंटली ऐबल्ड महिलाओं के लिए समावेशी शिक्षा तथा संवेदी समाज की जरूरत है। इनकी शैक्षणिक जरूरतों के लिए टैक्नोलोजी एनेब्लड टीचिंग-लर्निंग की बेहद जरूरत है। टैक्नोलोजी के माध्यम से दिव्यांगजन के सशक्तिकरण का रास्ता प्रशस्त किया जा सकता है। हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यखा रेणु भाटिया ने संगोष्ठी में अपने संबोधन में कहा कि जीवन में महिला वर्ग को निरंतर समस्याओं से जूझना पड़ता है । उन्होंने कहा कि राज्य महिला आयोग महिला अधिकारों तथा विशेष रूप से डिफेरेंटली ऐबल्ड महिलाओं के विशेष अधिकारों के लिए कार्यरत है। हरियाणा राज्य दिव्यांगजन आयोग के आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा कि दिव्यांगजन के प्रति समाज में संवेदनशीलता तथा समावेशी मनोवृत्ति की जरूरत है। हरियाणा वेलफेयर सोसायटी ऑफ पर्सन्स विद स्पीच एण्ड हियरिंग इंपेयरमेंट की अध्यक्षा डा. शरणजीत कौर ने कहा कि दिव्यांगजन को सम्मान चाहिए, दान नहीं।राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्षा प्रतिभा सुमन ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा तथा अधिकारों के लिए सामाजिक जागरूकता जरूरी है।**कन्या महाविद्यालय खरखोदा की राष्ट्रीय सेवा योजना से कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुमन तथा 15 स्वयंसेविकाओं ने इस कार्यशाला में भाग लिया।**

❖ भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारियों के लिए- पब्लिक फाइनेंसियल मैनजमेंट सिस्टम (पीएफएमएस) विषय पर एक दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन **29-09-2022** को किया गया। पीएफएमएस की महत्ता बारे बताया। उच्चतर शिक्षा विभाग, पंचकूला से आए गुरमित ने इस कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों को पीएफएमएस बारे ट्रेनिंग दी। **कन्या महाविद्यालय खरखोदा से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई - 1 की कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रमिला ने इस कार्यशाला में भाग लिया।**

# एक दिवसीय शिविर का आयोजन

कन्या महाविद्यालय खरखोदा में एनएसएस यूनिट 1 एवं 2 के द्वारा 'सांकेतिक भाषा' पर **एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन 08-10-2022** को किया गया। एनएसएस यूनिट -1 प्रभारी डॉ प्रमिला ने मंच संचालन करते हुए स्वयं सेविकाओं को बताया कि वर्तमान समय में  मूक एवं बधिर समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की सख्त आवश्यकता है क्योंकि मूक एवं बधिर समुदाय के लोग संपूर्ण संसार में मिल जाएंगे और उनकी भी एक अपनी समृद्ध संस्कृति है अतः उनकी संस्कृति से परिचित होने के लिए मूक एवं बधिर लोगों की भावनाओं को समझने के लिए हमें सांकेतिक भाषा को अवश्य सीखना चाहिए। गौरतलब है कि एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने तीन स्वयंसेविकाओ् तनु निलांशी एवं कोमल के साथ हाल ही में महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के द्वारा संचालित सात दिवसीय वर्कशॉप में भी भाग लिया था जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में पधारे हरियाणा प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने प्रशस्ति पत्र देकर कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रमिला एवं डॉ सुमन सहित तीनों स्वयं सेविकाओं को भी सम्मानित किया। इस कार्यशाला का आयोजन कुलपति प्रोफेसर राजवीर सिंह जी की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यशाला का विषय भी 'सांकेतिक भाषा' था।  इस वर्कशॉप से परिचित होने के पश्चात दोनों कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर प्रमिला एवं डॉक्टर सुमन ने एक दिवसीय शिविर में छात्राओं को कुछ वर्णो ,अक्षरों के बारे में सांकेतिक भाषा के माध्यम से बताया। इस अवसर पर प्राचार्य जी ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाषा भावों और विचारों का सशक्त माध्यम होती है मानव समाज में अहम स्थान रखने वाले मूर्ख एवं बधिर लोग संकेतों द्वारा अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हैं उनसे जुड़ने और उनके विचारों को समझने के लिए हमें सांकेतिक भाषा को अवश्य सीखना चाहिए ताकि मूकबधिर लोगों को समाज की मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। एनएसएस यूनिट -  2 की कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुमन ने भी छात्राओं को छोटे-छोटे सरल वाक्य को सांकेतिक भाषा के द्वारा भावों के माध्यम से समझाया।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित स्टाफ सदस्यों के साथ स्वयं सेविकाओं ने प्रतिज्ञा भी

ली कि वे समाज में मुक एवं बधिर लोगों के साथ न तो स्वयं भेदभाव करेंगे और ना ही दूसरों को करने देंगे और इस प्रकार से जनसेवा की मुख्यधारा में अपना योगदान करेंगे।




## Participation in Two Days Workshop

- **Four NSS Volunteers with PO Dr Suman** has participated in Two Days Workshop on 'Knowing Your Rights' organized by NSS Coordinator, NSS Cell, MDU Rohtak from **October 11-12, 2022.** Name of NSS Volunteers are as follows: Simran, Neetu, MeghaDahiya and Parul.

राष्ट्रीय सेवा योजना, कन्या महाविद्यालय खरखोदा द्वारा **11** अक्टूबर **2022** को राज्य स्तरीय पोस्टर मेकिंग, रंगोली, स्लोगन लेखन, कोलाज मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विभिन्न कॉलेजों से आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिस्पर्धा का लोहा मनवाया।



# Results



Kanya Mahavidyalaya Kharkhoda
State Level Academic Fest : 2022
Fine Arts Events (Poster Making, Collage Making, Rangoli and Slogan Writing)

Results:

| Event | Team Code | Position | |
|---|---|---|---|
| Poster Making | I | | |
| Collage Making | N | I | S.D.S Govt. college Pipli |
| | E | II | Hindu girls college Sonepat |
| | K | III | State Institute of advanced Studies in teacher education Jhajjar |
| Rangoli | | | |
| Slogan Writing | | | |

Signatures (Jury Members)
1. Dr Parmila, Associate Professor, KM Kharkhoda
2. Satyawati, Lect. in Apparel & Dress Designing, M.K.J.K. College RTK.
3. Dr Jyoti (P.T.), B.Voc. SNF, KM Kharkhoda Sonipat



Kanya Mahavidyalaya Kharkhoda
State Level Academic Fest : 2022
Fine Arts Events (Poster Making, Collage Making, Rangoli and Slogan Writing)

Results:

| Event | Team Code | Position | Remarks |
|---|---|---|---|
| Poster Making | R | First | 09/10 |
| | A | Second | 8.5/10 |
| | I | Third | 8/10 |
| Collage Making | First R | M.K.J.K college Rohtak | |
| Rangoli | Second A | G.V.M girls college Sonepat | |
| | Third I | K.M.K. | |
| Slogan Writing | | | |

Signatures (Jury Members)
1. Satyawati, Lect. in Apparel & Dress Designing, MKJK. college RTK.
2. Manju Kumari, Assistant Prof. Hindu Girls College.
3. Assistant Prof., KMK, Kharkhoda



Kanya Mahavidyalaya Kharkhoda
State Level Academic Fest : 2022
Fine Arts Events (Poster Making, Collage Making, Rangoli and Slogan Writing)

Results:

| Event | Team Code | Position | |
|---|---|---|---|
| Poster Making | | | |
| Collage Making | | | |
| Rangoli | | | |
| Slogan Writing | E | Ist | Hindu girls College Sonepat |
| | N | IInd | SDS gov. college Pipli |
| | I | IIIrd | KMK |

Signatures (Jury Members)
1. Dr Yogesh Bhayana, Assistant Professor, S.D.S.G.C Kharkhoda
2. Mrs. Renu, Assistant Professor in HGC, Sonepat
3.



Kanya Mahavidyalaya Kharkhoda
State Level Academic Fest : 2022
Fine Arts Events (Poster Making, Collage Making, Rangoli and Slogan Writing)

Results:

| Event | Team Code | Position |
|---|---|---|
| Poster Making | First | G.V.M girls college Snpt. |
| | Second | K.M.K |
| | Third | Hindu girls college Snpt. and Vaish Arya Shikshan Mahila Mahavidyalaya. |
| Collage Making | | |
| Rangoli | A | First (finishing, color combination, neatness) |
| | G | Second (Theme followed (completed)) |
| | E, M | Third (Design & color comb.) |
| Slogan Writing | | |

Signatures (Jury Members)
1. Satyawati, Lect. in Apparels Dress Designing at M.K.J.K. College RTK.
2. Sunita Rani (Asst. Prof.) V.A.S.M.M. Bahadurgarh.
3. Dr. Seema, Associate Prof., KMK

## एक दिवसीय कैंप का आयोजन

## दिवाली का जश्न मनाओ, इको फ्रेंडली दिवाली मनाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाओ

कन्या महाविद्यालय खरखौदा में एनएसएस यूनिट 1 एवं 2 के तत्वाधान में **एक दिवसीय कैंप का आयोजन 18-10-2022 को किया गया**। इस दौरान छात्राओं ने ग्रीन दीपावली मनाने का आह्वान किया वहीं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय में दीया सजाओ एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ योगिता मलिक ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बताया कि दीपावली सुख, समृद्धि व खुशियों का त्योहार है। व्यंजन से लेकर मिठाइयों से स्वागत करने की रस्म तथा दीप जलाकर प्रकाश बिखरेने के इस त्योहार में कई तरह के संकल्प लिए जाते हैं, ऐसे में सभी लोगों को पर्यावरण सुरक्षित रखते हुए किसी को कोई हानि न हो, इस तरह से त्योहार मनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए एनएसएस यूनिट-। की कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रमिला ने बताया कि जब ग्रीन दिवाली मनाने का मन बना ही लिया है, तो लाइट की लड़ियां न ही लगाओ तो अच्छा है। मिट्टी के दीये, जो बाद में मिट्टी में ही मिल जाएंगे, वही जलाने चाहिए। आजकल तो बाजार में सुंदर डिजाइनर कैंडल और दीये मिलते हैं। इसके अलावा हम सब मिलकर दीयों को रंगों और शीशों आदि से सजा भी सकते हैं। बाजार में मिलने वाली सुंदर नमूनों की कंदील भी सजा सकते हैं। दीयों में तेल डालकर थोड़ा अरोमा ऑयल मिलाकर सुगंधित दीये बना सकते हैं। फिर देखना जगमगाते दीपों का आकर्षण। वही यूनिट- 2 की कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुमन ने छात्राओं को बताया कि दिवाली पर वैसे लोग जो सुख-सुविधा संपन्न हैं वे नए कपड़े और मिठाइयां खरीदते हैं। लेकिन कई बार हम खाने-पीने की जितनी चीजें खरीदते हैं उसे पूरा खत्म नहीं कर पाते और वह बर्बाद होकर डस्टबिन में जाता है। इस साल दिवाली के मौके पर फूड वेस्टेज को कम करने में मदद कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें और गरीब बच्चों व परिवारों को मिठाईयां व कपड़े बांटें। ऐसा करने से आपके साथ-साथ दूसरों की दिवाली भी खुशनुमा होगी। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि हमें इको फ्रेंडली दीपावली मनाने के लिए

प्रतिबद्ध होना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या ने सभी छात्राओं व अध्यापकगणों को धनतेरस, दीपावली व भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। अगर बात करे प्रतियोगिता कि तो स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार से रहे- प्रथम -रिया ,बीए. द्वितीय वर्ष द्वितीय -पारुल ,बीए. द्वितीय वर्ष तृतीय -अनुषा ,बीए द्वितीय वर्ष। दीया सजाओ प्रतियोगिता के परिणाम निम्न रहे प्रथम -प्रिया BA 1, पिंकी BCA सेकंड ईयर द्वितीय - इशिता बीए फर्स्ट ईयर, तृतीय -कोमल BA. सेकंड ईयर।

















## Participation in Three Days Workshop

**Dr Parmila and Dr Suman (NSS POs of Kanya Mahavidyalaya Kharkhoda)** attended the Three Days National Workshop on "Waste Management: Transforming Waste to Energy" held from **October 19 - 21, 2022** organized by NSS Cell and Dean Students Welfare (DSW) in association with Department of Environmental Sciences, Maharshi Dayanand University and Municipal Corporation Rohtak. **Five NSS Volunteers (Kiran Devi, Sakshi, Simran, Amisha and Kirti) participated in the workshop. Volunteers participated in various activities organized during the workshop.**



# Kanya Mahavidyalaya Kharkhoda

# Report of Seven Days Special Camp

# NSS Unit-1 and 2

# Date:26-10-2022 to 1-11-2022

# Venue: Village Matindu, Distt.Sonipat

## Report of Day -1

## 26-10-2022

कन्या महाविद्यालय खरखोदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 तथा 2 की ओर से सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ "घर घर यज्ञ, हर घर यज्ञ" के मंत्र से किया गया । कॉलेज प्राचार्या डॉ श्रीमती योगिता मलिक ने शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि युवाओं को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए देश को कुरीतियों से बचाना होगा।

यज्ञ के दौरान वेद मंत्रों का उच्चारण करते हुए श्रीमती शारदा आर्या , भूतपूर्व संस्कृत प्राध्यापिका ने कहा कि यज्ञ, वैदिक काल से हमारे जीवन का मूल रहा है। यज्ञ पर्यावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ , हमारे जीवन में एक नई ऊर्जा और विश्वास का प्रभाव सुनिश्चित करता है। अथर्व वेद में ऋषि-मुनियों ने लिखा है कि "अयज्ञियो हत वर्चो भवति" अर्थात यज्ञ रहित मनुष्य का तेज नष्ट हो जाता है। यदि तेजस्वी रहना है तो यज्ञ करते रहना चाहिए। ऋग्वेद कहता है कि "अरं कृण्वन्तु वेदिं समग्निमिन्धतां पुरः" अर्थात् ईश्वर की आज्ञा है कि तुम यज्ञवेदी को अलंकृत करो और उसमें अग्नि को प्रज्जवलित करो। वैदिक काल के ऋषि-मुनियों ने ही नहीं बल्कि आधुनिक काल के वैज्ञानिकों ने भी यज्ञों की प्रमाणिकता पर मुहर लगाई है। राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान द्वारा किए गए एक शोध में पता चला है कि यज्ञ के दौरान उठने वाले धुएं से वायु में मौजूद हानिकारक जीवाणु 94 % तक नष्ट हो जाते हैं।








कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रमिला ने बताया कि यह शिविर 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक , गांव मटिण्डू जिला सोनीपत में लगाया जाएगा, जिसमें दोनों इकाइयों से 100 स्वयंसेविकाएं भाग लेंगी । इन 7 दिनों में विभिन्न गतिविधियों जैसे मतदाता जागरूकता, पर्यावरण जागरूकता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पोषित आहार, स्वास्थ्य एवं , व्यक्तिगत स्वच्छता, नशे के दुष्प्रभाव, उपभोक्ता अधिकार जैसे विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्रों में अपार ऊर्जा है। वे समाज को नई दिशा दे सकते हैं।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए श्रीमती माया, भूतपूर्व अध्यापिका , ने नैतिक मूल्यों के बारे में बताते हुए कहा कि व्यक्ति के जीवन में कुसंगति , कुदृष्टि तथा कुआचरण आते हैं। इससे धीरे-धीरे समाज प्रभावित होता है। कुदृष्टि से बदली सृष्टि को सरकारी कानून नहीं सुधार पाते। उसे सतत सत्संग ही रोक सकता है, जो व्यक्ति के अंतरमन पर दबाव बना सकने में समर्थ होता है। यह भी तभी संभव जब उन दृश्यों, विचारों तथापरिवेश पर समाज का प्रभावी प्रतिबंध हो जो व्यक्ति की दृष्टि को दूषित करते हैं। मन पर दंड का भय दुराचरण करते समय नहीं रहता, पर यदि सुसंगति के संस्कार कहीं मन के कोने में पड़े होते हैं तो वे असमय में जाग जाते हैं और दुराचरण रुक जाता है। सच्चाई यह है कि बढ़ती भौतिकता ने नैतिक मूल्यों को अर्थहीन कर दिया है।

सायंकाल सत्र में योग शिक्षिका श्रीमती मनीषा ने बताया कि शरीर को चुस्त-दुरुस्त और मन को शांत रखने के लिए दुनियाभर में ज्यादातर लोग योग का सहारा ले रहे हैं।

कार्यक्रम अधिकारी, डॉ सुमन ने सभी शिक्षाविदों का धन्यवाद किया।






## स्वयंसेविकाओं ने किया शिविर का शुभारंभ



खरखौदा। कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हवन करके किया गया। स्वयंसेविकाओं ने स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर आहुति डाली। इससे पहले प्राचार्य डॉ. योगिता मलिक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान पूर्व संस्कृत प्राध्यापिका शारदा आर्य ने कहा कि सनातन धर्म में हवन करने की परंपरा पहले से चली आ रही है। हवन पर्यावरण को शुद्ध करने के साथ हमारे जीवन में नई ऊर्जा पैदा करता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रमिला ने बताया कि शिविर एक नवंबर तक गांव मटिंडू में चलाया जाएगा। सात दिनों में विभिन्न विषयों जैसे मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पोषित आहार, स्वास्थ्य, स्वच्छता, नशे के दुष्प्रभाव व उपभोक्ता अधिकार पर ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। संवाद

**न्यूज ब्रीफ**

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 7 दिवसीय शिविर शुरू



खरखौदा | शहर के कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की ओर से सात दिवसीय शिविर शुरू किया गया है। इस दौरान हवन यज्ञ भी किया गया। स्वयं सेविकाओं ने स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर हवन यज्ञ में आहुति डाली। प्राचार्य डॉ. योगिता मलिक ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। पूर्व संस्कृत प्राध्यापिका शारदा आर्या ने हवन के दौरान कहा कि यज्ञ, वैदिक काल से हमारे जीवन का मूल रहा है। यज्ञ पर्यावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ हमारे जीवन में एक नई ऊर्जा और विश्वास का प्रभाव सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रमिला ने बताया कि यह शिविर 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक गांव मटिंडू में चलाया जाएगा।



खरखौदा। यज्ञ में आहुति डालते हुए छात्राएं व कालेज स्टाफ।

## कन्या महाविद्यालय की एनएनएस की दोनों इकाइयों का सात दिवसीय शिविर शुरू

खरखौदा। कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एक व दो) का सात दिवसीय शिविर शुरू हो गया है। शुभारंभ के समय धार्मिक अनुष्ठान हवन किया गया। स्वयं सेविकाओं ने स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर यज्ञ में आहुति डाली। प्राचार्य डा. योगिता मलिक ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। संस्कृत की पूर्व प्राध्यापिका शारदा आर्या ने हवन के दौरान कहा कि यज्ञ, वैदिक काल,से हमारे जीवन का आधार रहा है। यज्ञ पर्यावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ हमारे जीवन में एक नई ऊर्जा और विश्वास को सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रमिला ने बताया कि शिविर का आयोजन एक नवंबर तक गांव मटिंडू में किया जाएगा। सात दिनों में विभिन्न विषयो जैसे मतदाता जागरूकता, पर्यावरण जागरूकता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पोषित आहार, स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता, नशे के दुष्प्रभाव, उपभोक्ता अधिकार आदि पर ग्रामीणो को जागरूक किया जाएगा। सायंकालीन सत्र में योग शिक्षिका मनीषा ने स्वयं सेविकाओं के योग करवाया।

# शिविर में सीखेंगे पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के तरीके



कन्या कालेज के सभागार मे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हवन यज्ञ के साथ किया जा रहे शुभारभ के दौरान आहुति डालती स्वयं सेविकाएं • जागरण

संवाद सहयोगी, खरखौदा : शहर के कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो की ओर से सात दिवसीय शिविर शुरू किया गया है। इस दौरान हवन यज्ञ भी किया गया। स्वयंसेविकाओं ने स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर हवन यज्ञ में आहुति डाली। प्राचार्य डा. योगिता मलिक ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

पूर्व संस्कृत प्राध्यापिका शारदा आर्या ने हवन के दौरान कहा कि यज्ञ, वैदिक काल से हमारे जीवन का मूल रहा है। यज्ञ पर्यावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ हमारे जीवन में एक नई ऊर्जा और विश्वास का प्रभाव सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रमिला ने बताया कि यह शिविर 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक गांव मटिंडू में चलाया जाएगा।

**Relevant link:-**

https://aimamedia.org/newsdetails.aspx?nid=145221

https://m.facebook.com/story.php?story_fbid=pfbid0Sm2rcP5Vz7T5SCrghZEfqGmjMXhnMiQrvMX5r721G24P

Day-2

27-10-2022







कन्या महाविद्यालय खरखोदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 तथा तथा दो की ओर से सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन सर्वप्रथम डॉक्टर सीमांत एसोसिएट प्रोफेसर, कन्या महाविद्यालय खरखोदा के द्वारा एक वक्तव्य "जागरूक मतदाता " विषय पर दिया गया । इसके पश्चात मतदाताओं को जागरूक करने के लिए , स्वयंसेविकाओं ने "जागरूक मतदाता" विषय पर , गांव मटिंडू में रैली निकाली गई। शिविर का दूसरा दिन गांव मट्टिडू में जाकर वहां समुदाय के लोगों को जागरूक किया कि सभी को अपना वोट डालने का अधिकार है और हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते है और अपने वोट का सही इस्तेमाल करें।कार्यक्रम अधिकारी- डॉक्टर प्रमिला ने बताया कि हमारे देश में हर वर्ष किसी न किसी स्थान पर चुनाव होते हैं और अगर आपकी उम्र 18 साल की हो गई है तो आप वोट का कार्ड बनवा ले और उसका सदुपयोग करें और अपनी वोट को सही तरीके से उपयोग करें। वोट देने वाले व्यक्ति हैं तो हमारी आपसे यही निवेदनहै कि आप अपने मतदान का उपयोग कीजिए आपके वोट से आएगा बदलाव समाज सुधरेगा - कम होगा तनाव। कविताओं और नारों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया कि वह अपना वोटर लिस्ट में नाम लिखवाए और वोटर कार्ड सभी बनवाएं एवं राष्ट्र का जो उत्थान करें उसी को हम करें मतदान, एक वोट से ही होती जीत हार वोट ना हो कोई बेकार, के नारे लगाते हुए सभी स्वयं सेविकाओं ने गांव में मतदाताओ को जागरूक किया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुमन ने सभी स्वयं सेविकाओं का और इस शिविर से जुड़े हुए सभी अधिकारियों का धन्यवाद किया और यह बताया कि मतदान हमारा कानूनी अधिकार है। इसलिए सही उमीदवार को वोट दें ताकि हमारा देश और क्षेत्र का विकास हो सके आपका मतदान लोकतंत्र की जान ,अलख जगायेंगे- मतदाता को जागरूक बनाएंगे। सभी स्वयं सेविकाओं ने ग्रामीणों के साथ शपथ ली कि हम फसल अवशेष को ना जलाएंगे और सभी को जागरुक भी करेंगे ताकि वह भी फसल अवशेष का उपयोग करें।इसके बाद छात्राओं के जलपान के पश्चात शिविर के दूसरे सत्र में खेतीबाड़ी विभाग से Dr Ravinder Dahiya (BAO), Sh. Deepak Sharma (ADO) & Sh. Raghuraj (Supervisor) ने कृषि से संबंधित उपयोगी तथ्यों को छात्राओं के साथ साझा किया। उन्होंने पराली के विषय में भी समाज एवं छात्राओं को जागरूक किया । सायकालीन सत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । हरियाणवी डांस में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुति दी, वही कविताओं के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके बाद 200 मीटर दौड़ में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।







**Result of different Competitions is as follows:**

**Haryanvi Dance Competition:**

*Aanchal and Suchita -First in Folk Dance

**Result of Solo Performance:**

*Sakshi and Tanu -First

*Kiran -Second

*Ashu & Payal- Third

* Aakansha- Consolation

**Poetic Recitation:**

Asha & Suchita- First

* Kusum- Second

* Somwati & Komal- Third

* Mitali & Meenakshi – Consolation

**Two Hundred Meter Race:**

Rambhateri & Muskan- First

* Somwati & Manisha -Second

* Sriti & Himanshi- Third

* Gita & Arti- Forth







# NEWS CORNER

## या सभी को है वोट का अधि



विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1
के दूसरे दिन सर्वप्रथम डॉ. सीमांत द्व
। \' विषय पर दिया गया । इसके पश्चात
लिए स्वयंसेविकाओं ने जागरूक मतदात
ली। शिविर का दूसरा दिन गांव मटिंडू में ज
क किया गया। जागरूकता रैली के माध्यम स
ट डालने का अधिकार है और हम एक ल
ने वोट का सही इस्तेमाल करें। कार्यक्रम अ
 वोट देने वाले व्यक्तियों से निवेदन है कि
 कृषि विभाग से डॉ. रविंदर दहिया, एडी
 ने कृषि से संबंधित उपयोगी तथ्यों को ब
 पराली के विषय में भी छात्राओं को जागरूक

## स्वयंसेविकाओं ने मतदाता जागरूक रैली निकाली



टिंडू गाव में मतदाता जागरूकता रैली निकालतीं स्वयंसेविकाएं • जागरण

ंवाद सहयोगी, खखौदा : कन्या हाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना काई एक और दो ने मटिंडू गांव में लाए जा रहे सात दिवसीय शिविर तहत पंचायत चुनाव के मद्देनजर तदाताओं को जागरूक करने के लिए वयंसेविकाओं ने रैली निकाली। इस रान स्वयंसेविकाओ ने कहा कि सभी ो अपना वोट डालने का अधिकार है र हम एक लोकतांत्रिक देश मे रहते । लोग अपने वोट का सही इस्तेमाल करें। कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रमिला ने बताया कि हमारे देश में हर वर्ष किसी न किसी स्थान पर चुनाव होते हैं और अगर आपकी उम्र 18 साल की हो गई है तो आप वोट का कार्ड बनवा लें और उसका सदुपयोग करें और अपनी वोट को सही तरीके से उपयोग करें। कार्यक्रम अधिकारी डा. सुमन की अगुवाई में इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण विभाग का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## मतदान के लिए किया मतदाताओं को जागरूक



**खरखौदा (सच कहूँ /हेमंत कुमार)।** स्थानीय कन्या महाविद्यालय की एनएसएस वन और टू ने, शिविर के दूसरे दिन मटिंडू गांव के मतदाओं, को मतदान के लिए जागरूक किया। एसो. प्रो.डॉ. सीमांत के नेतृत्व में मटिंडू में रैली निकाली गई। उन्होंने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कहाकि सभी को वोट डालने का अधिकार है। हम लोकतांत्रिक देश में रहते हं। अपने वोट का सही इस्तेमाल करें। होते हैं। जिस भी युवा की उम्र 18 साल की हो जाए उसे अपना वोट कार्ड बनवा लना चाहिए। उसका सदुपयोग कर अपनी वोट को सही तरीके से उपयोग करें। कविताओं और नारों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। डॉ सुमन ने सभी स्वयं सेविकाओं का और शिविर से जुड़े सभी अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहाकि मतदान हमारा कानूनी अधिकार है। इसलिए सही प्रत्याशी के पक्ष में वोट दें ताकि वह

**Day-3**

**28-10-2022**

कन्या महाविद्यालय खरखौदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 तथा 2 की ओर से 7 दिवसीय शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत में कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर प्रमिला ने सभी स्वयंसेविकाओं को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुए कहा कि आज देश का युवा , नशे के मकड़जाल में फंसता जा रहा है। जिनके कंधों पर देश का भविष्य टिका है, वही कमजोर होते जा रहे हैं| डॉ सुमन ने नशे के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया । स्वयंसेविकाओं ने मटिण्डू गांव में जाकर एक सफल रैली निकाली तथा डॉक्टर सतवीर दहिया, वाइस प्रेसिडेंट कन्या महाविद्यालय खरखोदा, होशियार सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल खरखोदा ने अपने व्याख्यान में ग्रामीणों एवं स्वयंसेविकाओं को बताया कि नशे की लत के चलते परिवार में विघटन, घरेलू हिंसा में वृद्धि, स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है तथा प्रतिभा का हनन हो रहा है | हर साल 26 जून को नशा मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है | नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो बहुत बड़ा जागरूकता अभियान चलाता है | उसके बाद स्वयंसेविकाओं ने नशे से बचाव करने हेतु एक नाटक के माध्यम से संदेश देने का प्रयास किया | आज नशे के पदार्थों तक सरलता से पहुंच हो जाती है | प्रत्येक गांव में शराब की दुकान जरूर मिल जाती है | अनेक पुलिस कार्रवाई से ऐसी खबरें मिलती है कि गांव में अन्य प्रकार के नशे के पदार्थ के तस्कर मौजूद रहते हैं, जिन पर समय-समय पर कार्रवाई भी की जाती है | अनेक ऐसे आंकड़े हैं कि स्कूल स्तर पर ही बच्चे विभिन्न प्रकार के नशे के आदी हो जाते हैं | इन सबसे बचाव के उपाय के बारे में स्वयंसेविकाओं ने एक नाटक प्रस्तुत किया |

इसके बाद डॉ दर्शना,एसोसिएट प्रोफेसर,कन्या महाविद्यालय खरखोदा ने खेल-कूद के बारे में बताया कि हम खेल का नियमित अभ्यास करें तो हम अधिक सक्रिय और स्वस्थ रह सकते हैं। खेल गतिविधियों में शामिल होना, हमें बहुत से रोगो से सुरक्षित रखने मे मदद करता है।

इसके बाद दूसरे अतिथि डॉक्टर संगीता कुमारी सहायक प्राध्यापिका, शहीद द्लवीर सिंह महाविद्यालय , पीपली ने प्रदूषण तथा उससे फैलने वाली बीमारियों के बारे मे बताया । प्रदूषण के कारण होने वाली बीमारियों में सबसे अधिक और बड़ी शवास से संबंधित रोगों की होती है । यह बीमारियां वायु प्रदूषण से होती हैं । जल प्रदूषण से पेट की बीमारियां होती हैं । हर साल 2 दिसंबर को भारत में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया जाता है| उसके बाद डॉ उषा दहिया एसोसिएट प्रोफेसर,सीआरए कॉलेज सोनीपत, ने महात्मा गांधी के विचारों कि आज के समय में साथ, सार्थकता के बारे में बताया । गांधीवाद की शुरुआत प्रसिद्ध पंक्ति "सादा जीवन उच्च विचार "से होती है । उनका उद्देश्य है व्यक्ति व समाज को बदलना और जीवन व शासन के अनेक पहलुओं में गांधीवादी दर्शन को विकसित करने का प्रयास करना अनिवार्य है । उसके बाद श्री राम कुमार ने "ध्यान" के बारे में बताया । ध्यान करने से हमें एक नहीं अनेक फायदे होते हैं ।ध्यान करने से हम मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं । ध्यान करने से मानसिकता एकाग्रता बढ़ती है व मानव एक सुखी जीवन व्यतीत कर सकता है। हर साल 20 मई को मेडिटेशन दिवस मनाया जाता है । स्वयं सेविकाओं ने नशे से बचाव करने हेतु एक नाटक प्रस्तुत किया ।आज नशे के पदार्थ तक पहुंच सरलता से हो जाती है ।प्रत्येक गांव में शराब की दुकान जरूर मिल जाती है ।अनेक ऐसे आंकड़े हैं कि स्कूल स्तर पर ही बच्चे सिगरेट व तंबाकू के आदी हो जाते हैं ।उसके बाद कॉलेज में फाइन आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें रंगोली ,पोस्टर मेकिंग, मेहंदी व कार्टूनिंग आदि प्रतियोगिता हुई । इन सभी के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रमिला व डॉ सुमन ने पूरे कार्यक्रम को सफलता के साथ संभाला व पूरा किया ।

**उसके बाद कॉलेज में फाइन आर्ट प्रतियोगिताओं आयोजन हुआ जिसमें रंगोली, पोस्टर मेकिंग, मेहंदी तथा कार्टूनिंग आदि प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ | इन सभी कार्यक्रमों के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर प्रमिला व डॉक्टर सुमन ने पूरे कार्यक्रम को सफलता के साथ संभाला व पूरा किया।**

**विभिन्न प्रतियोगिताओं का परिणाम इस प्रकार रहा:**

**Best out of Waste:**

**Priya Rana -1st**

**Mehandi Rachao:**

**Geeta and Jyoti - 1st**

**Silky and Nisha- 2nd**

**Akanksha- 3rd**

**Varsha and Nitika- Consolation**

**Poster Making**

Bulbul- 1st

Mansi- 2nd

Amisha and Anusha- 3rd

**Rangoli Sajao**

Pinky: 1st

Aanchal: 2nd

Priyanshu and Dimple: 3rd

**Relevant Link:**

https://m.facebook.com/story.php?story_fbid=pfbid09CtYnNazHzNoMgv1SLmxuYt4r1eXAfDDuYDfJKWBLk6HLUFCzABGgkjrtRsz1voGl&id=100013243356996&mibextid=Nif5oz




Not Me But You




2022/10/28 12:09


कन्या महाविद्यालय
खरखौदा सोनीपत
Not Me But You
सात दिवसीय विशेष शिविर

**NEWS CORNER**

# नशे के दुष्प्रभावों से कराया अवगत

**खरखौदा।** सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रमिला ने स्वयंसेविकाओं को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया।

डॉ. प्रमिला में कहा कि आज देश का युवा नशे की दलदल में फंसता जा रहा है। जिनके कंधों पर देश का भविष्य टिका है, वही कमजोर होते जा रहे हैं। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि युवाओं को सही मार्ग दिखाएं। डॉ. सुमन ने स्वयंसेविकाओं को नशे से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। कन्या महाविद्यालय समिति के उप प्रधान डॉ. सतबीर दहिया ने कहा कि नशे की लत के चलते परिवार में विघटन, घरेलू हिंसा में वृद्धि, स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही प्रतिभा का हनन हो रहा है। उन्होंने कहा कि गांव तक नशे व उसके तस्करों की पहुंच हो गई है। जिससे स्कूली स्तर पर ही बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। संवाद

# नशे को लेकर किया जागरूक

**खरखौदा** : शहर के कन्या महाविद्यालय द्वारा चला जा रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रमिला ने स्वयंसेविकाओं को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज देश का युवा नशे के मकड़ जाल में फंसता जा रहा है। कन्या कालेज समिति उप प्रधान डा. सतबीर दहिया ने इस दौरान कहा कि नशे की लत के चलते परिवार में विघटन, घरेलू हिंसा में वृद्धि, स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और प्रतिभा का हनन हो रहा है। (संस)

**Day-4**

**29-10-2022**

सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन की शुरुआत करते हुए डॉक्टर प्रमिला ने महिलाओं में होने वाले **मासिक धर्म चक्र** के बारे में बताया कि मासिक धर्म के समय स्वच्छता बनाए रखने के लिए सफाई रखनी बहुत जरूरी है । सेनेटरी पैड को हर 4 से 6 घंटे में जरूर बदलें । पूरे दिन एक ही पैड का इस्तेमाल करना सेहत के लिए हानिकारक तो है ही इसके अलावा इससे जलन और इन्फेक्शन भी हो सकता है। आप एक अच्छेे ऑर्गेनिक और बायोडिग्रेडेबल सेनेटरी पैड का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इन्हीं सब बातों के बारे में बताते हुए डॉक्टर प्रमिला एसोसिएट प्रोफेसर कन्या महाविद्यालय ने गांव की महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटे। इसके बाद डॉ सुमन ने ब्रेस्टफीडिंग के बारे में बताया कि दूध पिलाने से हार्मोन प्रोलेक्टिन का स्राव भी होता है जिससे मां शांत और रिलैक्स्ड महसूस करती है। यह होमोरेज के जोखिम को कम करता है। प्रसव के बाद मासिक धर्म के चक्र के फिर से शुरू होने में विलंब करता है। और इस तरह इस बच्चे के जन्म और अगले गर्भधारण के बीच एक स्वस्थ अंतर बना रहता है।उसके बाद **मटिंडू गांव** में स्वयं सेविकाओं ने एक **'स्वच्छ भारत -सुदृढ़ भारत' व 'सही पोषण -देश रोशन ' पर एक सफल रैली निकाली। श्रीमती उपासना सैनी, बाल संरक्षण विभाग ने साइबर अपराध** के बारे में सभी को बताया। साइबर अपराध एक अपराधिक कृत्य है जो इंटरनेट के माध्यम से कंप्यूटर के उपकरण या किसी अन्य स्मार्ट उपकरणों के रूप में इस्तेमाल करते हुए इस काम को अंजाम दिया जाता है। हैकर या अपराधियों के पास इस अपराध को करने के विभिन्न उद्देश्य होते हैं। उसके बाद **'श्री सतपाल अहलावत ' चेयरमैन "जल बचाओ -जल चेतना समिति अभियान" ,** श्री अमित सांगवान रिसोर्स कोऑर्डिनेटर WSSO ने जल संरक्षण जागरूकता के बारे में बताते हुए कहा कि हम कैसे जल को बर्बाद न करके उसका बचाव कर सकते हैं।धरती पर जीवन के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए जल का संरक्षण व बचाव बहुत जरूरी है क्योंकि बिना जल के जीवन संभव नहीं है। धरती इकलौता अकेला ऐसा ग्रह है जहां पानी और जीवन मौजूद है। सायंकाल सत्र में श्री राम कुमार ने स्वयंसेविकाओं को "ध्यान" करने के फायदे के बारे में बताया। वह एक अभ्यास है जिससे व्यक्ति के शारीरिक ,मानसिक ,आत्मिक व भावनात्मक रूप से शांत रखता है । ध्यान के अलग-अलग अर्थ होते हैं महर्षि पतंजलि के ग्रंथ 'योग सूत्र' में भी ध्यान के बारे में वर्णन किया गया है।

